परमाणु ऊर्जा शिक्षण संस्था

ATOMIC ENERGY EDUCATION SOCIETY

वार्षिक परीक्षा / ANNUAL EXAMINATION 2025-26

कक्षा/CLASS:सातवीं/VII अवधि/DURATION:3 घंटे/3HOURS

विषय/SUB:हिंदी/HINDI (द्वितीय भाषा) अधिकतम अंक/MAX MARKS:80अंक

सामान्य निर्देश / General instructions :

1. इस प्रश्न पत्र में चार खंड है - क, ख, ग, घ ।
2. सभी खंड का उत्तर देना अनिवार्य है ।
3. यथासंभव दिए गये खंड के उत्तर क्रमानुसार दीजिए ।

खंड - क (14 अंक) (अपठित बोध)

प्रश्न 1. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गये प्रश्नों के सही विकल्प को चुनिए - (7×1=7)

संघर्ष के मार्ग में अकेला ही चलना पड़ता है। परिश्रम, दृढ़ इच्छाशक्ति व लगन आदि मानवीय गुण व्यक्ति को संघर्ष करने और जीवन में सफलता प्राप्त करने का मार्ग प्रशस्त करते हैं। दो महत्त्वपूर्ण तथ्य स्मरणीय है - प्रत्येक समस्या अपने साथ संघर्ष लेकर आती है। प्रत्येक संघर्ष के गर्भ में विजय निहित रहती है। एक अध्यापक ने अपने छात्रों को यह संदेश दिया था - तुम्हें जीवन में सफल होने के लिए समस्याओं से संघर्ष करने का अभ्यास करना होगा। हम कोई भी कार्य करें, सर्वोच्च शिखर पर पहुँचने का संकल्प लेकर चलें। सफलता हमें कभी निराश नहीं करेगी। समस्त ग्रंथों और महापुरुषों के अनुभवों का निष्कर्ष यह है कि संघर्ष से डरना अथवा उससे विमुख होना अहितकर है, मानव धर्म के प्रतिकूल है और अपने विकास को अनावश्यक रूप से बाधित करना है। आप जागिए, दृढ़-संकल्प और उत्साह एवं साहस के साथ संघर्ष रूपी विजय रथ पर चढ़िए और अपने जीवन के विकास की बाधाओं रूपी शत्रुओं पर विजय प्राप्त कीजिए।

(क) मनुष्य को संघर्ष करने और जीवन में सफलता प्राप्त करने का मार्ग प्रशस्त करते हैं-

(i) निर्भीकता, साहस, परिश्रम (ii) परिश्रम, लगन, आत्मविश्वास

(iii) साहस, दृढ़ इच्छाशक्ति, परिश्रम (iv) परिश्रम, दृढ़ इच्छाशक्ति व लगन

(ख) प्रत्येक समस्या अपने साथ लेकर आती है-

(i) संघर्ष (ii) कठिनाइयाँ (iii) चुनौतियाँ (iv) सुखद परिणाम

(ग) समस्त ग्रंथों और अनुभवों का क्या निष्कर्ष है ?

(i) संघर्ष से डरना या विमुख होना अहितकर है। (ii) संघर्ष से डरना चाहिए।

(iii) संघर्ष से विमुख होना ठीक है । (iv) संघर्ष करना कमजोरी है ।

(घ) 'मानवीय' शब्द में मूल शब्द और प्रत्यय है-

(i) मानवी + य (ii) मानव + ईय (iii) मानव + नीय (iv) मानव + इय

(ङ) सफलता का विलोम है-

(i) अहितकर (ii) परिश्रमी (iii) असफलता (iv) निराशा

(च) संघर्ष रूपी विजय रथ पर चढ़ने के लिए आवश्यक है-

(i) दृढ़ संकल्प, निडरता और धैर्य (ii) दृढ़ संकल्प, उत्साह एवं साहस

(iii) दृढ़ संकल्प, आत्मविश्वास और साहस (iv) दृढ़ संकल्प, उत्तम चरित्र एवं साहस

(छ) उपर्युक्त गद्यांश का उचित शीर्षक है-

(i) ईमानदारी का रहस्य (ii) सफलता का रहस्य

(iii) असफलता का रहस्य (iv) विफलता का रहस्य

प्रश्न 2. निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर पूछे गये प्रश्नों के सही विकल्प को चुनिए - (7×1=7)

रंग-रंग के रूप हमारे

अलग-अलग है क्यारी-क्यारी

लेकिन हम सबसे मिलकर ही

इस उपवन की शोभा सारी

एक हमारा माली, हम सब

रहते नीचे एक गगन के

हम सब सुमन एक उपवन के

एक हमारी धरती सबकी

जिस की मिट्टी से जन्मे हम

मिली एक ही धूप हमें है

सींचे गए एक जल से हम

पले हुए हैं झूल-झूल कर

पलनों मे हम एक पवन के

हम सब सुमन एक उपवन के

(i) इस काव्यांश के माध्यम से क्या संदेश दिया गया है?

क- मानवता का ख- सहृदयता का ग- एकता का घ- वीरता का

(ii) व्योम ,अंबर, अनंत निम्नलिखित में से किसके पर्यायवाची हैं?

क-सुमन के ख-उपवन के ग-गगन के घ-पवन के

(iii) 'अलग-अलग है क्यारी-क्यारी' का आशय क्या है?

क- फूल क्यारी में नहीं खिलते हैं । ख- फूलों की क्यारी अलग-अलग होती है।

ग- फूल एक ही क्यारी में खिलते हैं । घ- हम एक दुसरे से अलग हैं

(iv) यहां सुमन किन्हे कहा गया है?

क- क्यारी को ख- देश के पेड़ों को

ग- उपवन की कलियों को घ- देश के नागरिकों को

(V) 'हम सब एक हैं' यह किस कथन से ज्ञात होता है?

क- हमारा पालनकर्ता एक है ख- हमारी धरती एक है।

ग- एक ही हवा ने हमें पालने में झुलाया है। घ- उपर्युक्त सभी

(VI) 'हम सब सुमन एक उपवन के' कवि ने किसे कहा है?

क- लड़ाई-झगड़ा करने वालों को ख- एक घर में रहने वालों को

ग- एक देश में प्रेमपूर्वक रहने वालों को घ- भेदभाव फ़ैलाने वालों को

(VII)फूल का समानार्थी शब्द है -

क- उपवन ख- सुमन ग- पवन घ- इनमे से कोई नहीं

<u>खंड-ख, व्याकरण (20 अंक)</u>

प्रश्न 3. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर निर्देशानुसार लिखिए - (20×1=20)

1. **"कर"** शब्द का अर्थ **नहीं** है -

क- हाथ ख- किरण ग- टैक्स घ- करना

2. **"बाँधे कतार सुन्दर"** में विशेष्य शब्द है-

क- बाँधे ख- कतार ग- सुन्दर घ- इनमें से कोई नहीं

3. **'वर्षा'** के पर्यायवाची नहीं हैं -

क- बरखा ख- बारिश ग- जलधर घ- बरसात

4. **प्रिया** की ---------बहुत अच्छी है| रिक्त स्थान उचित भाववाचक संज्ञा से भरिये -

क- मुस्काना ख- मुस्कुराना ग- मुस्कुराहट/मुस्कराहट घ- मुस्कुरा पाना

5. **'संज्ञा और सर्वनाम की विशेषता बताने वाले शब्द'** कहलाते हैं ?

क- जाति वाचक ख- सर्वनाम ग- विशेषण घ- क्रिया

6. '**मन**' से संबंधित शब्द है -

क- मनसा ख- सहज ग- चित्त घ- विचार

7. **'आर्थिक'** में प्रत्यय है-

क- अर्थ ख- अर्थी ग- इक घ- ईक

8. अनुभव शब्द में **'अनु'** क्या है ?

क- प्रत्यय ख- क्रिया ग- सर्वनाम घ- उपसर्ग

9. पिताजी कल दिल्ली चले गये | इसमें कौन-सा काल है ?

क- वर्तमान काल ख- भूतकाल ग- भविष्यत काल घ- कोई नहीं

10. **अर्धविराम** का चिह्न है-

क- (!) ख- (,) ग- (;) घ- (?)

11. **"गुस्से से देखना"** किस मुहावरे का अर्थ है ?

क- आँख फेरना ख- आँख का तारा ग- आँख दिखाना घ- आँख भर आना

12. **"आँखों का तारा"** मुहावरा का अर्थ है?

क- अप्रिय लगना ख- बहुत प्यारा ग- होश आना घ- एकमात्र सहारा

13. **हर्ष** या **शोक (विस्मय)** प्रकट करने के लिए कौन-से चिह्न का प्रयोग किया जाता है?

क- (:) ख- (;) ग- (!) घ- (|)

14. '**यह पेड़** मेरे पिताजी ने लगाया था' रेखांकित शब्द में कौन-सा **विशेषण** है?

क- गुणवाचक ख- संख्यावाचक ग- सार्वनामिक घ- परिमाणवाचक

15. **बादल** के लिए उपर्युक्त **विशेषण** है-

क- ठंडा ख- गरम ग- मूसलाधार घ- घने

16. जो काम अभी हो रहा हो, उसका **काल** होता है -

क- वर्तमान काल ख- भूतकाल ग- भविष्यत् काल घ- इनमें से कोई नहीं

17. जूस में **<u>कुछ</u>** गिर गया है , रेखांकित शब्द में कौन-सा सर्वनाम है ?

क- निश्चयवाचक ख- अनिश्चयवाचक ग- सम्बन्धवाचक घ- निजवाचक

18. **'सज्जन'** का विलोम है -

क- कुजन ख- दुर्जन ग- स्वजन घ- प्रियजन

19. '**आवरण'** में कौन-सा उपसर्ग है?

क- अ ख- आ ग- रण घ-आव

20. निम्न में **द्रव्यवाचक संज्ञा** है-

क- पत्थर ख- मंडली ग- चोर घ- साधु

<u>खंड - ग, पठित बोध (36 अंक)</u>

प्रश्न 4. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गये प्रश्नों के उत्तर लिखिए -

कथक की परंपरा बहुत पुरानी है। 'महाभारत' के आदिपर्व और 'रामायण' में इसकी चर्चा मिलती है। पहले कथक रोचक और अनौपचारिक रूप से कथा कहने का ढंग होता था। तब यह मंदिरों तक ही सीमित था। हमारे लखनऊ घराने के लोग मूलतः बनारस- इलाहाबाद के बीच हरिया गांव में रहने वाले थे। वहाँ 989 कथिकों के घर हुआ करते थे। कथिकों का एक तालाब अभी भी है। गांव में एक बैरगिया नाला है, जिसके साथ यह कहानी जुड़ी हुई है- एक बार नौ कथिक नाले के पास से गुजर रहे थे कि तीन डाकू वहाँ आ पहुंचे। कुछ कथिक डर गए, किन्तु उन कथिकों की कला में इतना दम था कि डाकू सब कुछ भूल कर उन कथिकों के कथक में मग्न हो गए।

क. किन प्राचीन ग्रंथों में कथक का वर्णन मिलता है ? (01)

ख. कथक घराने के लोग कहाँ के रहने वाले थे? (02)

ग. गांव के बैरगिया नाले के साथ कौन सी कहानी जुड़ी थी? (02)

प्रश्न 5. निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर पूछे गये प्रश्नों के उत्तर लिखिए -

बीती ताहि बिसारि दे आगे की सुधि लेइ ।

जो बनि आवै सहज ताही में चित देइ ।।

ताही में चित्त देइ बात जोई बनि आवै ।

दुर्जन हँसै न कोई चित में खता न पावै ।।

कह गिरिधर कविराय यहै करू मन परतीति ।

आगे को सुख होइ समुझि बीती सो बीति ।।

क- उपर्युक्त पंक्ति किस कविता से ली गई है ? (01)

ख- कैसी बातों और कार्यों पर मन लगाना चाहिए? (02)

ग- दुष्ट व्यक्ति कब हमारी हँसी नहीं उड़ा सकेगा? (02)

प्रश्न 6. निम्नलिखित में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर 15 से 20 शब्दों में लिखिए (3×2=6)

क- बिना विचार किए गये कार्य करने के क्या नुकसान बताये गए हैं ?

ख- वर्षा-बहार कविता में कौन-कौन गीत गा रहे हैं और क्यों ?

ग- नृत्य सीखने के लिए संगीत की समझ होना क्यों अनिवार्य है ?

घ- पहले पद में श्री कृष्ण के बारे में क्या-क्या बताया गया है ?

प्रश्न 7. निम्नलिखित में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर 25 से 30 शब्दों में लिखिए- (4×3=12)

क- नृत्य के अतिरिक्त बिरजू महाराज को और किन-किन कार्यों में रूचि थी ?

ख- वर्षा-बहार कविता में मुख्य रूप से कौन-कौन सी बात कही गई है? अपने शब्दों में लिखिए |

ग- “सब मिल-जुलकर रहते हैं वे, सब मिल-जुलकर खाते हैं” पक्षियों के आपसी सहयोग की यह भावना हमारे लिए किस प्रकार उपयोगी है?

घ- “नन्हीं नन्हीं बूंदन मेहा बरसे, शीतल पवन सोहावन की” इस पंक्ति का अर्थ लिखें |

ड़- “बिना बिचारे जो करे सो पाछे पछिताय” कुंडलिया में जो बातें सैकड़ो साल पहले कही गईं थीं, क्या वे आपके लिए भी उपयोगी हैं ? कैसे ?

प्रश्न 8. निम्नलिखित मूल्यपरक प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर 40 से 50 शब्दों मे लिखिए- **(2×4=8)**

क- आज के समय में लोग सभी चीजें जल्दी पाना चाहते हैं जिसके कारण गलती कर बैठते हैं | आप ऐसी किसी गलती का उल्लेख कीजिए जिसके कारण आपको दुःख पंहुचा हो |

ख- वर्षा के अभाव में मानव जीवन और पशु-पक्षियों पर क्या- क्या प्रभाव पड़ सकता है ?

ग- कथक ब्रजभूमि का शास्त्रीय नृत्य है, आप अपने क्षेत्र के अनुसार किसी भी शास्त्रीय नृत्य की विशेषताएं अपने शब्दों में लिखिए |

<u>खंड -घ, रचनात्मक लेखन (10 अंक)</u>

प्रश्न 9. अपनी दिनचर्या बताते हुए पिताजी को एक पत्र लिखिए। (05)

अथवा

पुस्तकें मंगवाने हेतु पुस्तक विक्रेता को एक पत्र लिखिए।

प्रश्न 10. निम्नलिखित में किसी एक विषय पर एक अनुच्छेद लिखिए । (05)

क- विज्ञान के चमत्कार ख- दीपावली

*****